Tel. & Fax : 01564-220200
Web : www.mgesrdr.com
Email : officekdgd@gmail.com

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya
Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Sponsored by Mittal Charities, Mumbai
Approved by NCTE & DCE, Raj. Affiliated To M.G.S. University, Bikaner & Recognized by UGC (2F & 12B)

Date :- 29.08.2022

–:: प्रेस नोट ::–

सरदारशहर। श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में सोमवार को आईक्यूएसी के तत्वावधान में खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। हमें खेल भावना का ध्यान रखते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। खेल प्रतियोगिता में रस्साकस्सी, कंचा–चम्मच दौड़ तथा बोरा दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। खेल प्रभारी श्रीमती प्रियंका पूर्वा ने बताया कि रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में वंदना ग्रुप विजेता रहीं तथा स्नेहा बैद ग्रुप उपविजेता रहीं। इसी प्रकार कंचा–चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा गौदारा विजेता रहीं तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा नित्या शर्मा उपविजेता रहीं। वहीं बोरा दौड़ प्रतियोगिता में बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा रूचि सोनी ने जीत हासिल की तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा आरती उपविजेता रहीं है। आईक्यूएसी प्रभारी व महाविद्यालय स्टाफ ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई दीं।

संलग्न :– कार्यक्रम फोटो।

29/08/22

(डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक)
प्राचार्य
Principal
Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal
Mahila (PG) Mahavidyalaya
Sardarshahar